Title: Need to release more funds to State Government of Punjab for early completion of Theen Dam Project.

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (पटियाला) : सभापति महोदय, गत एक लंबे अर्से से पंजाब की थीन बांध परियोजना निर्माणाधीन है और जैसे-जैसे इसके कार्य के पूरा होने में देरी होती जा रही है, इसकी निर्माण लागत भी बढ़ रही है और दूसरी ओर राज्य के आम नागरिक को सुविधा मिलने में भी देरी हो रही है। थीन बांध के पूरा हो जाने से पंजाब की नदियों रावी, व्यास और सतलुज का औसत पानी उपयोग हो सकेगा वहीं राज्य की बिजली की कमी भी दूर हो सकेगी। राज्य सरकार की ओर से मांग की गई है कि अविलम्ब १५० करोड़ रुपया परियोजना निर्माँण के संबंध में जारी कर दिया जाए ताकि इस परियोजना को आगामी १२ फरवरी, १९९९ को पूरा कर देश को सौंपा जा सके।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह और देरी न कर १५० करोड़ रुपया जारी कर दे ताकि आम आदमी को सुविधा देने में राज्य सरकार समर्थ हो सके।